परंपरागत वैद्य सम्मेलन के समापन में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री

आयुष पद्धतियों के संरक्षण और संवर्धन पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

सतना 8 मार्च, मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार रविवार को उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट के लोहिया सभागार में आयोजित परंपरागत वैद्य सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए परंपरागत वैद्य, आयुष विशेषज्ञ, शोधकर्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपराएं हमारी सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आयुर्वेद, लोक-चिकित्सा और पारंपरिक वैद्यक पद्धतियों ने सदियों से समाज को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इन पद्धतियों के संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन ज्ञान परंपराओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मंत्री श्री परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन आयुष पद्धतियों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। प्रदेश में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक उपचार प्रणालियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इनके प्रशिक्षण और अनुसंधान को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के तीन महत्वपूर्ण अवयव वनस्पति, जल और सूर्य की ऊर्जा औषधि के रूप में प्राप्त होते है। आयुर्वेद ने अनेक असाध्य रोगों का इलाज और समाधान मौजूद है। मण्डला जिले में 18 तरह की जड़ी-बूटियां वहां इलाज के काम आ रही है। जिनका उल्लेख आयुर्वेद के किताब में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेष में 2023 तक मात्र 7 आयुर्वेद कालेज हुआ करते थे। वर्ष 2024-25 में 8 नये आयुर्वेद के कॉलेज बनाये जा रहे है। आयुष मंत्री ने कहा कि यूनानी चिकित्सा के छात्रों को अब हिन्दी में पढाया जायेगा। उन्होंने कहा कि परंपरागत वैद्यों के अनुभव और ज्ञान को संस्थागत रूप से संरक्षित करना समय की आवश्यकता है, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि चित्रकूट जैसी तपोभूमि और ज्ञानभूमि में इस प्रकार के आयोजनों का विशेष महत्व है। यहां आयोजित सम्मेलन से पारंपरिक वैद्यक पद्धतियों को नई दिशा मिलेगी और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संत माधवदास महाराज, कुलगुरू महात्मा गांधी चित्रकूट विष्वविद्यालय श्री आलोक चैबे, वैद्य रामषिरोमणि त्रिपाठी, वैद्य सोहनलाल ने भी संबोधित किया।

वैद्यों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण, जड़ी-बूटी आधारित उपचार, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में वैद्यों की भूमिका तथा आयुष पद्धतियों के वैज्ञानिक अध्ययन जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में पारंपरिक औषधीय ज्ञान, वनौषधियों के उपयोग और जनस्वास्थ्य में आयुष की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा परंपरागत वैद्यों को सम्मानित भी किया गया और उनके अनुभवों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इस ज्ञान को संरक्षित रखने का आह्वान किया गया।

कार-ट्रक की टक्कर में आधा दर्जन घायल

प्रयागराज से लौट रहा था सागर का परिवार

नवभारत न्यूज

सतना 8 मार्च, मैहर जिले के अमरपाटन में नेशनल हाईवे-30 पर शनिवार देर रात करीब 11 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। मोहारी कटरा गांव के पास प्रयागराज से सागर लौट रहे परिवार की कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

घायलों ने बताया कि रास्ते में अचानक एक बाइक सामने आ गई। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार नियंत्रण खो बैठी और ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हादसे की सूचना मिलते ही रामपुर बघेलान थाना पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से छह घायलों को अमरपाटन सिविल अस्पताल ले जाया गया।

घायलों को सागर ले गये परिजन

प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें सागर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवा रहे हैं। घायकों में नवीन सिंह (68), ऋषि सिंह (47), आशीष सिंह (48), अजय सिंह (54), आदित्य सिंह (27) और कार ड्राइवर शामिल हैं। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु किया गया।

स्वस्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद अपनाना होगा : शुक्ल

बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 2 एकड़ में लगेंगी जड़ी-बूटियाँ

नवभारत न्यूज

रीवा, 8 मार्च, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभागीय आयुष चिकित्सा कार्याशाला और वैज्ञानिक संगोष्ठी का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वस्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा.

हमारी वर्तमान समय की तेज और अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण शरीर कई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जुझ रहा है. एलोपैथी चिकित्सा से हमें तत्काल राहत मिलती है लेकिन रोगों का स्थाई उपचार आयुर्वेद पद्धति से होता है. हमने यदि आयुर्वेद के सिद्धांतों और योग्य को अपना लिया तो शरीर पर रोगों का प्रकोप भी नहीं होगा. इसी तरह पर्यावरण की सुरक्षा और माटी का स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है. प्राकृतिक खेती से ही मिट्टी और मानव दोनों स्वास्थ्य सुधरेगा. अच्छी और स्वस्थ्य मिट्टी में बिना रासयन के ली गयी फसल ही हमें सच्चे पोषक तत्व देगी. बसामन मामा गौअभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित किया गया है. यहां आयुर्वेद विभाग को औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की खेती के लिए 2 एकड़ जमीन दी जा रही है. इसमें विन्ध्य की जड़ी-बूटियों की खेती करें. समारोह का आयोजन ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय सभागार में किया गया.

आयुष चिकित्सक संघ का आयोजन

समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए राजपत्रित आयुष चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शशांक झा ने कहा कि संघ द्वारा सभी संभागों में वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने संघ की विभिन्न मांगों का ज्ञापन उप मुख्यमंत्री को भेंट किया. समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. शिवराम साकेत, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा मौजूद रहे.

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

▶ वामा विमर्श पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

सतना 8 मार्च, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सतना में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में मुख्य विषय 卐वामा विमर्श卐 पर किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं से जुड़े विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक पहलुओं पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर 7 प्रमुख विषयों पर ग्रुप एक्सरसाइज कराई गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 21 महिला स्टेकहोल्डर्स प्रोफेशनल्स, एकेडमिक्स, मीडिया, फाइन आर्ट्स, साहित्य, शासन, स्टार्टअप आदि ने भाग लिया। प्रतिभागियों को सात समूहों में विभाजित कर महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित किए गए। चर्चा के प्रमुख विषयों में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, अवसर की समानता, गरिमा और सम्मान का संरक्षण, स्थानीय निकायों की महिला प्रतिनिधियों के अधिकारों की सुरक्षा, गिव टू गेन तथा नारी-नेतृत्व वाले विकास की अवधारणा, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाना और शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष जोर देना शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसी नीति या रणनीतिक विषय पर विमर्श करना नहीं था। बल्कि जिले की प्रशासनिक व्यवस्था और स्थानीय निकायों के माध्यम से महिलाओं के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है। इस पर ठोस सुझाव प्राप्त करना रहा।

जिपं उपाध्यक्ष रही मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पार्थ शंकर मिश्रा, नगर पालिक निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, एसडीएम अनिकेत शांडिल्य तथा डीएलओ मो. जिलानी मौजूद रहे।

केंद्रीय जेल में धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

नवभारत न्यूज

सतना, 8 मार्च। केंद्रीय जेल सतना में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महिला बंदियों एवं महिला कर्मचारियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर महिला बंदियों एवं स्टाफ के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरक व्याख्यान तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला बंदियों एवं महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया तथा सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। इस दौरान जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेलर श्रीकांत त्रिपाठी, अनिरुद्ध तिवारी कल्याण अधिकारी, अभिमन्यु पांडेय, फिरोजा खातून , अनिल प्रताप सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एयरपोर्ट की भूमि को सरकारी करने के आदेश पर रोक

सतना 8 मार्च, रघुराजनगर स्थित जुड़ी करोड़ो की भूमि को सरकारी घोषितकरने के आदेश पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने और याचिकाकर्ताओं को बेदखल न करने के निर्देश दिए है। कोर्ट ने राज्य शासन, सतना कलेक्टर और भारतीय विमानतल प्राधिकरण को सात दिनों में जवाब पेश करने को कहा है। प्रेरणा सिंह व अन्य की याचिका में आरोप है कि एसडीओ फरवरी 2026 में बिना अधिग्रहण या मुंवाबजे के पैतृक भूमि को सरकारी घोषित कर दिया । याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रशासन ने भू - राजस्व सहित की धारा 115 का दुरुप्रयोग कर रिकार्ड बदला है.

मैहर में एचपीवी टीकाकरण अभियान की दी गई जानकारी

मैहर 8 मार्च, महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) के प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए यह टीकाकरण अत्यंत प्रभावी है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। अभियान के अंतर्गत अभिभावकों और किशोरियों को जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, छात्र पहचान पत्र, पासपोर्ट, एमसीपी कार्ड, ट्रांसफर या स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, पेन आईडी, राशन कार्ड, बैंक पासबुक या आयु प्रमाण से संबंधित अन्य दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य है।

विंध्याचल सोसायटी ने किया स्वच्छता कप का आयोजन

▶ शहरी स्वच्छता में सबका सहयोग आवश्यक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 मार्च। निगमायुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए और नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के लिए विंध्याचल सोसायटी द्वारा स्वच्छता सम्बंधित जागरूकता रैली निकाली गई.

रैली की शुरुआत नगर पालिक निगम सिंगरौली की आईईसी टीम के नेतृत्व में किया गया और नवजीवन बिहार सेक्टर नंबर 3 के स्टेडियम में फुटबॉल मैच का फ्रेंडली मैच ब्लू स्टार और ग्रीन सिटी के बीच हुआ मैच का शुभारंभ जिला फुटबॉल संघ से सचिव लवकुश तिवारी द्वारा किया गया। मैच में ब्लु स्टार की टीम 2-1 से विजयी रही। विजेता और उपविजेता टीम को आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला द्वारा ट्रॉफी और सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया, उसके बाद सभी उपस्थित को स्वच्छता जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई.

चित्रकूट में एनएसएस के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सतना 8 मार्च, मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने रविवार को चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

यह शिविर 8 से 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं सहभागिता कर नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सेवा भावना से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। मंत्री श्री परमार ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और अपने ज्ञान व ऊर्जा का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र के विकास को गति मिलती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र-छात्राएं समाज के कमजोर वर्गों की सहायता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि 7 दिन की नियमित गतिविधियों के साथ ही स्वयंसेवक चित्रकूट के आध्यात्मिक वैभव और विरासत को भी जानने का प्रयास करें। विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि भारत देष की कृषि अर्थव्यवस्था ही मुख्य आधार है। विष्व की आर्थिक मंदी के दौर में भी देष की आर्थिक व्यवस्था मजबूत बनी रही है। उन्होंने स्वयंसेवकों को कहा कि अन्न देवता है और अन्न का एक भी कण थाली में नहीं छोड़ना चाहिए।

सभी युवा संकल्प ले कि थाली में उतना ही भोजन लेंगे जितना गृहण कर सकेंगे।

कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक योजना ही नहीं बल्कि आंदोलन है। जिसके माध्यम से देष के युवाओं को सामाजिक, आर्थिक चिंतन के साथ देष के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के संदेष और उनका जीवन आदर्ष का प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी में सेवा भाव और परहित के भाव कम होते जा रहे है। प्रकृति से जुडने और स्वच्छता के लिए अनेको अभियान षासन द्वारा चलाये जा रहे हैं।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर संत जीवनदास महाराज, कुलगुरू अवधेष प्रताप सिंह रीवा राजेन्द्र कुराडिया, कुलगुरू महात्मा गांधी चित्रकूट विष्वविद्यालय आलोक चैबे सहित प्रशासनिक अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नव भारत

यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो

आवश्यकता है

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

सब एडीटर
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

प्रसार प्रतिनिधि
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

रिपोर्टर
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :

नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)

फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99